TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

22 नवंबर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

मेहनत धैर्य और सकारात्मक सोच ही
सफलता की सच्ची कुंजी है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers



शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **22.11.2026**

अभिरुचि क्षमता

अभिरुचि क्षमता के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति की रुचियाँ अलग-अलग होती हैं। किसी विद्यार्थी की रुचि पढ़ने में, किसी की खेलकूद में, किसी की चित्रकला में तो किसी की संगीत या विज्ञान में हो सकती है। जिस क्षेत्र में विद्यार्थी की रुचि अधिक होती है, उसमें वह बेहतर ढंग से सीखने और अपनी प्रतिभा विकसित करने का प्रयास करता है। अभिरुचि को पहचानकर शिक्षक विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रुचिकर बना सकता है।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मां को खोने के बाद बंगाल के रहने वाले करीमुल हक़ ने इमरजेंसी में लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए फ्री बाइक एम्बुलेंस सेवा शुरू की। यह नेक काम सच में काबिले-तारीफ है।

विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

प्रश्नः समूह में ऊपर से नीचे जाने पर आयनन एंथैल्पी सामान्यतः -

A. बढ़ती है,

B. घटती है,

C. स्थिर रहती है,

D. दोगुनी होती है।

सही उत्तर

B. घटती है

समूह में ऊपर से नीचे जाने पर आयनन एंथैल्पी सामान्यतः **घटती** है।

थोड़ी जानकारी

★ समूह में नीचे जाने पर परमाणु का आकार बढ़ता है, जिससे इलेक्ट्रॉनों को निकालना आसान हो जाता है।

★ अतः आयनन एंथैल्पी सामान्यतः घटती है।

हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें, और देश का नाम रोशन करें!

Teachers of Bihar

The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया



रुक्माबाई

भारत की प्रथम महिला चिकित्सक थीं।

जयंती पर दिवस विशेष

रुक्माबाई भारत की प्रथम महिला चिकित्सक थीं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और ज्ञान के बल पर चिकित्सा के क्षेत्र सें महिलाओं के लिए नई राह खोली।

जन्म : 22 नवंबर 1864
मृत्यु : 25 सितंबर 1955

शिक्षा पवं प्रारंभिक जीवन

- महाराइ के फक प्रगतिशील पदिवार में जन्मी रुक्माबाई का विवाह बइुत कम आयु में कर दिया गया वा।
- उन्होंने सामयन्रिक बंधनों के वावजुइ अपनी शिक्षा जारी रखी और 1884 में बंवई विववविद्यालय से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त की।

महत्वपूर्ण उपलब्धियों

- वह भारत की प्रथम महिला चिकित्सक बनीं।
- उन्होंने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।
- स्त्री स्वास्थ्य, मातृत्य देखभाल और महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य है।

> "रुक्माबाई का जीवन हसें यह सिखाता है कि शिक्षा, साहस और संकल्य से समाज में बदलाव लाया जा सकता है।"

आइए, उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें

और उनके आटशों मे प्रेरणा वोकर समाज में समातता, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कार्व करें।


/teachersofbihar

Teachers of Bihar

The change makers

22 नवंबर
की जयंती पर

मीरा बेन
को शत-शत नमन



एक ब्रिटिश सैन्य अधिकारी की पुत्री, जिन्होंने 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' में महात्मा गाँधी के सिद्धांतों से प्रभावित होकर खादी का प्रचार किया।

जीवन परिचय

- पूरा नाम : मेडेलिन स्लेड (मीरा बेन)
- जन्म : 22 नवंबर 1892, इंग्लैंड
- भारत आगमन : महात्मा गाँधी के आह्वान पर

योगदान

- महात्मा गाँधी के साथ मिलकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी।
- खादी, ग्रामोद्योग और स्वदेशी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका।
- भारतीय संस्कृति और सादगी को अपनाया।


> “मीरा बेन का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य, सेवा और स्वदेशी के मार्ग पर चलकर ही देश और समाज का सच्चा उत्थान संभव है।”

वंदे मातरम् । जय हिंन्द

Madhu Priya

www .teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers



विवेकी राय
की पुण्यतिथि पर

विनम्र श्रद्धांजलि

(19 नवंबर 1924 – 22 नवंबर 2016)

विवेकी राय हिन्दी और भोजपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे। उन्होंने 85 से अधिक पुस्तकों की रचना की। वे ललित निबंध, कथा-साहित्य और कविता-कर्म में सिद्धहस्त थे। उनकी रचनाएँ गाँव के मन, मिज़ाज और ग्रामीण जीवन के प्रति सहज राग से जुड़ी हैं। उनकी लेखनी में गाँव की मिट्टी की सोंधी महक, गवंई परिवेश और ग्रामीण जीवन का जीवंत चित्रण मिलता है। ललित निबंध विधा में उनकी गिगती आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र और कुबेरनाथ राय की परंपरा में की जाती हैं।

"गाँव की माटी की सोंधी महक को शब्द देने वाले साहित्यकार को शत-शत नमन।"

Madhu Priya

www .teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

22 नवंबर की
महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

22 नवंबर



2008 - भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने अपना पद छोड़ने की धमकी दी। हिन्दी के प्रख्यात कवि कुंवर नारायण को वर्ष 2005 के ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु चुना गया।

2007 - ब्रिटेन में अवैध प्रवासी की समस्या पर काबू पाने के लिए कड़ी घोषणायें की गई।

2006 - भारत और वैश्विक कंसोर्टियन के छह अन्य देशों ने सूर्य की तरह ऊर्जा पैदा करने वाले प्राथमिक फ़्यूजन रिएक्टर की स्थापना करने के लिए पेरिस में ऐतिहासिक समझौता किया।

2002 - मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के आयोजन के विरोध में नाइजीरिया में भड़के दंगे में सैकड़ों लोग मारे गये।

2000 - पाकिस्तान व ईरान पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रतिबंध।

1998 - बांग्लादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण किया।

1997 - भारत की डायना हेडेन विश्व सुंदरी बनी।

1990 - ब्रिटिश प्रधानांत्री मार्गरेट थ्रैचर द्वारा त्यागपत्र की घोषणा।

1975 - जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने।

1971 - भारत और पाकिस्तान ने एक दुसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ।

1968 - मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।

1963 - डलास (टेक्सास) में सं.रा. अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ, केनेडी की हत्या।

1920 - 'हकीम अजमल ख़ान जामिया' के पहले चांसलर बने।

22 नवंबर को जन्मे व्यक्ति



1963 - पुष्पेन्द्र कुमार गर्ग - नौकायन में भारत के प्रसिद्ध खिलाड़ियों में गिने जाते हैं।

1948 - सरोज ख़ान - प्रसिद्ध भारतीय कोरियोग्राफर थीं।

1940 - कुलदीप सिंह चॉंदपुरी - भारतीय सेना के वह वीर सैन्य अधिकारी थे, जिन्हें लोंगावाला के प्रसिद्ध युद्ध के लिये जाना जाता है।

1939 - मुलायम सिंह यादव - 'समाजवादी पार्टी' के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमांत्री

1916 - शांति घोष - वरिष्ठ भारतीय स्वतंत्रता सेनानी।

1913 - एल. के. झा - भारतीय रिजर्व बैंक के आठवें गवर्नर थे।

1901 - विष्णु सहाय - भारतीय राज्य असम और नागालैंड के राज्यपाल थे।

1892 - मीरा बेन - एक ब्रिटिश सैन्य अधिकारीं की पुत्री, जिन्होंने 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' में महात्मा गाँधी के सिद्धांतों से प्रभावित होकर खादी का प्रचार किया।

1899 - शहीद लक्ष्मण नायक - वरिष्ठ भारतीय स्वतंत्रता सेनानी।

1882 - वालचंद हीराचंद - भारत के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक थे।

1864 - रक्माबाय्रों - भारत की प्रथम महिला चिकित्सक थीं।

1830 - झलकारी बाई- झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की नियमित सेना में, महिला शाखा 'दुर्गा दल' की सेनापति।

22 नवंबर को हुए निधन



2016 - राम नरेश यादव- मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री।

2016 - विवेकी राय - हिन्दी और भोजपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे।

1967 - तारा सिंह- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा कट्टर सिक्ख नेता।

1881 - अहमदुल्लाह - भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।

1774 - रॉबर्ट क्लाइव - ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा भारत में नियुक्त होने वाला प्रथम गवर्नर था।



Madhu Priya

इतिहास हमें प्रेरणा देता है, इसे जानना हमारा कर्तव्य है!

www .teachersofbihar.org


"साहस, स्वाभिमान
और देशभक्ति की प्रतीक
वीरांगना झलकारी बाई
को शत-शत नमन।"
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
वीरांगना
झलकारी बाई
की जयंती
22 नवंबर
1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना
झलकारी बाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध अदम्य साहस,
पराक्रम और बलिदान का परिचय देकर
भारत के इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया।
आइए, उनकी जयंती पर
उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करें।
राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org



खेल और उनके आयोजन के प्रथम वर्ष

1. एशियाई खेल	1951
2. राष्ट्रमंडल खेल	1930
3. क्रिकेट विश्व कप	1975
4. ओलिंपिक खेल	1896
5. हॉकी विश्व कप	1971
6. फुटबाल विश्व कप (पुरुष)	1930
7. शीतकालीन ओलिंपिक खेल	1924